International Indian School, Riyadh.
Worksheet 2012-13

Class : VIII Sub: Hindi SA-II

वसंत भाग- 3

## कहानी से- कामचोर

(क) कहानी में मोटे- मोटे किस काम के हैं? किन के बारे में और क्यों कहा गया?

(ख) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई?

(ग) "या तो बच्चा राज कायम कर लो या मुझे ही रख लो।" अम्मा ने कब कहा? और इसका परिणाम क्या हुआ?

(घ) 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?

## पाठ से - जब सिनेमा ने बोलना सीखा

(क) जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-से वाक्य छापे गए। उस फिल्म में कितने चेहरे थे? स्पष्ट कीजिए।

(ख) पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलम आरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) पहली सवाक् फिल्म के निर्माता - निर्देशक अर्देशिर को जब सम्मानित किया गया तब सम्मानकर्ताओं ने उनके लिए क्या कहा था? अर्देशिर ने क्या कहा? और इस प्रसंग में लेखक ने क्या टिप्पणी की है? लिखिए।

पाठ : "जहाँ पहिया है"

जंजीरें : (क) "..... उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकड़े हुए हैं, कोई-न-कोई तरीका लोग निकाल ही लेते हैं..."
आपके विचार से लेखक 'जंजीरों' द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है?

पहिया : (1) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

(3) प्रारंभ में इस आंदोलन को चलाने में कौन-कौन सी बाधा आई?

कविता : सुदामा चरित

(क) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) "पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।" पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(ग) द्वारका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे? सुदामा के मन की दुविधा को अपने शब्दों में प्रकट कीजिए।

(घ) अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोंपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(क) "लाला ने लोटा ले लिया, बोले कुछ नहीं, अपनी पत्नी का अदब मानते थे।"

लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे? अपने विचार लिखिए।

(ख) "लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।"

आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी?

(ग) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था? लिखिए।

## कविता : सूरदास के पद

पदों से (क) बालक श्रीकृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

(ख) श्रीकृष्ण अपनी चोटी के विषय में क्या-क्या सोच रहे थे?

(ग) मक्खन चुराते और खाते समय श्रीकृष्ण थोड़ा-सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं?

## कहानी : बाज़ और साँप

(क) घायल होने के बाद भी बाज़ ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए।

(ख) बाज़ ज़िन्दगी भर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था?

(ग) साँप उड़ने की इच्छा को मूर्खतापूर्ण मानता था। फिर उसने उड़ने की कोशिश क्यों की?

(घ) बाज़ के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

(ङ) घायल बाज़ को देखकर साँप खुश क्यों हुआ होगा?

टोपी : कहानी

(क) गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला?

(ख) टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस-किस के पास गई? टोपी बनने तक के एक-एक कार्य को लिखें।

(ग) गवरइया की टोपी पर दर्जी ने पाँच फुंदने क्यों जड़ दिए?

कविता : कबीर की साखियाँ

पाठ से : (क) 'तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं' उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ख) पाठ की तीसरी साखी - जिसकी एक पंक्ति है 'मनुवाँ तो दहुँ दिसि फिरै, यह तो सुमिरन नाहिं' के द्वारा कबीर क्या कहना चाहते हैं?

(ग) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं। पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) मनुष्य के व्यवहार में ही दूसरों को विरोधी बना लेने वाले दोष होते हैं। यह भावार्थ किस दोहे से व्यक्त होता है।

Note: Do the grammar from the grammar text book.

Read the lessons from the text book
वसंत भाग- ३.

| FA-3 | FA-4 |
|---|---|
| (1) संधि की परिभाषा / उदाहरण | (1) अनेकार्थक शब्द |
| (2) विलोम शब्द | (2) अनुच्छेद |
| (3) पत्र | (3) संधि - विच्छेद |
| (4) कहानी : कामचोर प्रश्नोत्तर | (4) कहानी : जब सिनेमा ने बोलना सीखा। |

(5)

पाठ: पानी की कहानी
पाठ: क्या निराश हुआ जाए } मौखिक परीक्षा